चिड़ावा में बेटी से मिलने आए पिता की पीट-पीटकर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में मृतक का दामाद होशियार सिंह, समधी मदरूप सिंह और दूसरा बेटा जसवीर सिंह शामिल है

झुंझुनूं/सूरजगढ़, (निसं)। बेटी से मिलने और पारिवारिक विवाद सुलझाने की उम्मीद लेकर आए पिता को अपनी जान गंवानी पड़ी। चिड़ावा में हुए इस सनसनीखेज हत्याकांड में सूरजगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतक का दामाद होशियार सिंह, समधी मदरूप सिंह और दूसरा बेटा जसवीर सिंह शामिल है। आरोप है कि तीनों ने मिलकर सुरेश कुमार पर लाठी, झंडा, कुल्हाड़ी और कस्सी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल सुरेश कुमार को बीडीके अस्पताल झुंझुनूं पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

- **पारिवारिक मनमुटाव के चलते किराये के मकान में रह रही थी बेटी, बातचीत करने पहुंचे पिता पर हमला किया**

पुलिस के अनुसार हरियाणा के रूदड़ोल निवासी अमित कुमार ने 23 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी बहन मोनू पिछले कुछ समय से ससुराल पक्ष से मनमुटाव के चलते चिड़ावा में किराये के मकान में रह रही थी। 22 नवंबर को उसके पिता सुरेश कुमार बेटी का हालचाल जानने और उससे मिलने चिड़ावा आए थे। बेटी से मुलाकात के बाद पिता पारिवारिक विवाद को लेकर बेटी के ससुर मदरूप सिंह और पति होशियार सिंह से बातचीत करने के लिए उनके निवास पर पहुंचे। उनके साथ नाती वियान और भतीजा अर्जुन भी स्कूटी पर थे। परिवादी की रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही सुरेश कुमार मकान के मुख्य द्वार पर आम रास्ते में पहुंचे, वहां मौजूद मदरूप सिंह, होशियार सिंह और जसवीर सिंह ने उन पर लाठी, झंडा, कुल्हाड़ी और कस्सी से हमला कर दिया। हमले में सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें तत्काल बीडीके अस्पताल झुंझुनूं ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए झुंझुनूं जिला पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन में सूरजगढ़ थानाधिकारी कानाराम उपनिरीक्षक के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी पुलिस टीम के साथ बीडीके अस्पताल पहुंचे और मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 नवंबर को तीनों आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ की। अपराध प्रमाणित पाए जाने पर होशियार सिंह, जसवीर सिंह और मदरूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर प्रकरण में आगे का अनुसंधान कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में होशियार सिंह (37) पुत्र मदरूप सिंह, जसवीर सिंह (35) पुत्र मदरूप सिंह और मदरूप सिंह (64) पुत्र गुरूदयाल राम शामिल है।

होटल में बुलाकर किशोरी से दुष्कर्म

जोधपुर, (कासं)। शहर के एक एरिया में आई एक होटल में किशोरी से दुष्कर्म का प्रकरण सामने आया है। परिचित आरोपी ने किशोरी से वीडियो कॉल पर बात करते हुए स्क्रीन शॉट लिए। फिर उसे ब्लैकमेल कर धमकाया और एक होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता थाने पहुंची और केस दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है, अग्रिम जांच जारी है।

- **वीडियो कॉल से किशोरी का स्क्रीन शॉट लेकर ब्लैकमेल किया**

सरदारपुरा पुलिस के अनुसार नाबालिग पीड़िता की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया गया। इसमें बताया कि उसकी पहचान एक युवक से थी, जोकि उससे सोशल मीडिया के मार्फत बातचीत भी करता था। कुछ रोज पहले उससे वीडियो कॉल पर बात हुई थी। तब परिचित युवक ने उसके स्क्रीन शॉट ले लिए। बाद में उसे ब्लैकमेल कर धमकाने लगा। उसे एक होटल पर बुलाया और वहां नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म किया।

सीकर में सीजन का सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज

सीकर, (निसं)। सीकर में गुरुवार को सीजन का सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज हुआ। सीकर में पिछले 6 दिन से ठंड बढ़ी हुई है। रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। अभी मौसम में विशेष बदलाव की कोई संभावना नहीं है। बुधवार को दिनभर मौसम साफ रहा और रात को सर्द हवाएं चलीं।

सीकर जिले के फतेहपुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र के मौसम केंद्र पर बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री और सुबह का न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज किया गया था। गुरुवार सुबह दर्ज न्यूनतम तापमान में .1 डिग्री की गिरावट हुई है। बीती रात सर्दी बढ़ने से तेज ठिठुरन का असर रहा।

- **सीकर में छह दिन से ठंड बढ़ी हुई है**

ग्रामीण इलाकों में सर्दी का असर ज्यादा है। सुबह से भी धूजणी छूट रही है। हालांकि अभी सुबह के समय धुंध का ज्यादा असर नहीं है। सर्दी बढ़ने के बाद लोग सुबह 10 बजे गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। सीकर समेत शेखावाटी एरिया में अभी ड्राई सर्दी बनी रहेगी। मौसम में 27 नवंबर को एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के अनुसार सीकर में आसमान साफ होने के कारण सर्दी का ये असर फिलहाल बना रहेगा।

राजस्थान सरकार
E-mail-deo.ajmer.excise@rajasthan.gov.in
कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी अजमेर
आबकारी भवन, घूघरा घाटी, जयपुर रोड, अजमेर
क्रमांक- आब/अभि/वा.नि./2026-26/321 दिनांक: 26.11.2026

जप्तशुदा वाहनों की नीलामी सूचना

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आबाकारी अधिनियम 1950 के तहत राजसात किये गये जप्तशुदा वाहनों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 17.12.2026 को प्रातः 10.00 बजे से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी पर रखी गयी है। नीलामी किये जाने वाले वाहनों का विस्तृत विवरण (यथा वाहन प्रकार, मॉडल/मेक इत्यादि) SPPP वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in और विभागीय वेबसाईट excise.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(राधेश्याम डेलू)
जिला आबकारी अधिकारी अजमेर

जोधपुर : मकान में चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के माता का थान थाना क्षेत्र के मगरा पूंजला स्थित नया बास में मकान का ताला तोड़कर सामान चोरी करने का मामला दर्ज हुआ था। पीड़ित ने तीन लोगों को नामजद कर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने अब तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

परिवादी मनोज गहलोत पुत्र राजेन्द्र गहलोत ने आरोप लगाया कि उसके और उसके भाई जसवंत गहलोत के संयुक्त स्वामित्व का एक मकान नया बास, मगरा पूंजला में स्थित है। इस मकान का उपयोग घरेलू और दुकान का सामान रखने के लिए गोदाम के रूप में किया जाता है। 11 जून की रात करीब 11 से 11.30 बजे मनीष गहलोत, कृष्णा गहलोत और अरविंद गहलोत ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखा सामान टैक्सी में भरकर ले गए।

परिवादी के अनुसार 21 जून को जब वह मकान पर सामान लेने पहुंचा तो उसे अपना ताला टूटा हुआ मिला और उसकी जगह दूसरा ताला लगा हुआ था। इसके बाद मकान के सामने स्थित स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी गई, जिसमें कथित तौर पर आरोपियों के मकान में प्रवेश करने और सामान ले जाने की जानकारी सामने आई।

परिवादी ने आरोप लगाया कि उसने 22 जून को माता का थान थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन मामला दर्ज नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली। इसके बाद 7 जुलाई को न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के निर्देश पर 25 अगस्त को माता का थान पुलिस ने केस दर्ज किया था। पुलिस ने प्रकरण में अब उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

चूरू उप जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस ने बाजी मारी, भाजपा को झटका दिया

चूरू, (निसं)। जिला परिषद् में उप जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस ने बाजी मारते हुए भाजपा को झटका दिया है। वार्ड 15 से निर्वाचित कांग्रेस के जिला परिषद सदस्य छोटूलाल मेघवाल ने भाजपा के वार्ड 38 से निर्वाचित नरेश सहारण को 3 मतों से पराजित कर उप जिला प्रमुख पद पर जीत हासिल की है।

जानकारी के अनुसार उप जिला प्रमुख पद के लिए गुरुवार दोपहर तीन बजे मतदान हुआ। इसके बाद घोषित परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशी छोटूलाल मेघवाल को विजयी घोषित किया गया। चुनाव परिणाम सामने आते ही जिले की राजनीति में एक बार फिर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

गौरतलब है कि बुधवार को जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस के पास बहुमत होने के बावजूद क्रॉस वोटिंग के चलते भाजपा की कनिका सिंह ने कांग्रेस की प्रकाश देवी बुडानिया को 5 मतों से हराकर जिला प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा किया था। इस अप्रत्याशित नतीजे के बाद उप जिला प्रमुख चुनाव में भी भाजपा की जीत के कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि गुरुवार को आए नतीजों ने इन सभी कयासों पर विराम लगा दिया।



कांग्रेस के जिला परिषद सदस्य छोटूलाल मेघवाल उप जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित हुये।

- **कांग्रेस के छोटूलाल मेघवाल ने भाजपा के नरेश सहारण को तीन वोटों से हराया**

कांग्रेस के छोटूलाल मेघवाल ने भाजपा के नरेश सहारण को तीन मतों से हराकर उप जिला प्रमुख पद पर कब्जा जमाया। इस तरह जिला प्रमुख पद भाजपा के खाते में गया, जबकि उप जिला प्रमुख पद पर कांग्रेस ने जीत दर्ज कर जिला परिषद की राजनीति में अपना दम दिखाया।

भीम
राजस्थान सरकार
वाणिज्यिक कर विभाग
कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, घट-प्रथम, वृत्त - अलवर शहर दक्षिण, अलवर
क्रमांकः- 73 दिनांकः- 20.11.2026

खुली बोली आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जब्त माल एवं वाहन का RGST Act, 2017 के अंतर्गत खुली बोली द्वारा निस्तारण (नीलाम) किया जाना है। बोली से संबंधित समस्त शर्तें व विवरण विभागीय वेबसाइट https://rajtax.rajasthan.gov.in व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित होकर नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। अतः संबंधित व्यक्ति / व्यापारी / बोलीदाता जो कि जी.एस.टी. पंजीकृत हो, निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर निम्न अनुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है। (डी.डी. "Assistant Commissioner (state tax), ward-I, circle-Alwar sahar dakshin, Alwar" के पक्ष में देय होगा।)

1. नीलाम किये जाने वाले माल का विवरण

क्र. स.	माल की प्रकृति	अनुमानित मूल्य (न्यूनतम बोली राशि)	अमानत राशि	नीलामी स्थान	नीलामी दिनांक व समय
1	Mustard oil	38,50,000/-	50,000/-	कार्यालय परिसर, कर भवन, अलवर	04-12-2026 दोपहर 1:00 PM

2. नीलाम किये जाने वाले वाहन का विवरण

क्र. स.	जब्त वाहन का विवरण							
	वाहन पर अंकित पंजीयन नं.	वाहन का प्रकार	वाहन का मॉडल वर्ष एवं विवरण	इंजन नं.	चेसिस नं.	अनुमानित मूल्य (न्यूनतम बोली राशि)	अमानत राशि	नीलामी दिनांक, समय व स्थान
1	HR842165	TRUCK (OIL TANKER)	(2018) TATA LPT 3118 CR BS IV 8×2	81K848 35078	MAT466 621J5N2 9057	15,50,000/-	31,000/-	21.12.26 दोपहर 1:00 व कार्यालय परिसर, कर भवन, अलवर

DIPR/C/18602/2026 सहायक आयुक्त, राज्य कर, घट-प्रथम, वृत्त-अलवर शहर दक्षिण

रेलवे ट्रैक पर विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपी

गृह मंत्रालय ने मामले को आतंकवादी घटना माना

श्रीगंगानगर, (निसं)। रामसिंहपुर के पास रेलवे ट्रैक पर विस्फोट के लिए आईईडी बम और हथियार लुधियाना व गुरदासपुर की पाकिस्तान सीमा से ड्रोन के जरिए गिराए गए थे। गिरफ्तार महकदीप कौर और देवेंद्र सिंह से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है। गृह मंत्रालय ने मामले को आतंकवादी घटना मानते हुए जांच एनआईए को सौंप दी है। जिला पुलिस ने केस की फाइल तैयार कर ली है। एनआईए के जांच अधिकारी श्रीगंगानगर पहुंचेंगे। वहीं, पुलिस ने महकदीप कौर के मोबाइल का डेटा खंगाला तो पाक खुफिया एजेंसी के एजेंट शाह से रातभर बातचीत का पता चला।

एसपी हरीशंकर यादव ने बताया कि महकदीप और देवेंद्र को 6 अक्टूबर को रेलवे ट्रैक पर लगाने के लिए जैसलमेर से दो आईईडी मिले थे। इनमें से एक टूटने से खराब हो गया था, जबकि दूसरे की वायरिंग कनेक्ट नहीं होने से टाइमर शुरू नहीं हो पाया। आरोपियों ने दोनों बम रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में 60 जीबी मोड़ पर पीर की दरगाह के पास झाड़ियों में छिपा दिए और लौट गए। इससे पहले दोनों 6 अक्टूबर को भी आईईडी लगाने पहुंचे थे, लेकिन उस दिन बम नहीं मिलने से वापस लौट गए थे। इसके बाद 3 नवंबर को गुरदासपुर से आईईडी साथ लेकर आए। इस बार बम की वायरिंग सही जुड़ गई और टाइमर चालू हो गया।

एसपी हरीशंकर यादव ने बताया कि आरोपियों ने पत्थर हटाकर आईईडी रेलवे पटरियों के बीच छिपा दिया। रात 9:45 बजे निर्धारित समय पर विस्फोट हो गया। पुलिस ने गुरदासपुर निवासी महकदीप कौर और उसके दोस्त देवेंद्र सिंह को 15 नवंबर को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। तीसरे आरोपी गुरदासपुर निवासी हरप्रीत सिंह को 21 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। तीनों दोस्त हैं। पुलिस अब तक की जांच में सामने आए तथ्यों और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर केस की फाइल एनआईए को सौंपेगी।

सूरतगढ़ में नशे के लिए रुपए नहीं देने पर पड़ौसी ने युवक का मर्डर किया

सूरतगढ़, (निसं)। सूरतगढ़ के वार्ड नंबर 3 में नशे के लिये रुपए देने से इनकार करने पर एक युवक की उसके ही पड़ोसी ने डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने नशे के लिए रुपए मांगे थे। मना करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी ने युवक के सिर पर लकड़ी के मोटे डंडे से जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से युवक नीचे गिर पड़ा। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सिटी पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए और फरार आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने रात में ही आरोपी को डिटेन कर लिया। मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी रजनदीप कौर ने रिपोर्ट दी कि उसका पति जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू (30) वार्ड नंबर 3 में डिग्री कॉलेज के पीछे रहता था। प्रवीण बिश्नोई निवासी माणकसर उनका परिचित था और अक्सर घर आता-जाता था। करीब तीन दिन पहले ही प्रवीण उनके पड़ोस में रहने आया था। परिवाद के अनुसार बुधवार रात करीब 9:30 बजे रजनदीप कौर अपने पति जितेंद्र और भाई डेनिश के साथ घर पर मौजूद थी। इसी दौरान प्रवीण बिश्नोई हाथ में मोटा लकड़ी का डंडा लेकर उनके घर पहुंचा। उसने जितेंद्र से नशे के लिए रुपए मांगे। जितेंद्र के पास करीब 38 हजार रुपए थे, लेकिन उसने रुपए देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और विवाद हो गया। इसके बाद जितेंद्र समझाइश करते हुए प्रवीण को घर से बाहर ले गया। कुछ देर बाद बाहर से झगड़े की आवाज सुनकर रजनदीप कौर अपने भाई के साथ बाहर पहुंची। रजनदीप कौर के अनुसार बाहर पहुंचने पर देखा कि प्रवीण डंडे से जितेंद्र के साथ मारपीट कर रहा था। वह और उसका भाई जितेंद्र को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन इसी दौरान प्रवीण ने उसके सिर पर डंडे से वार कर दिया। शोर सुनकर मुमताज सहित आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजन गंभीर हालत में जितेंद्र को निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थानाधिकारी कलावती चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। गुरुवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राज0)
क्रमांक :-नपजा/राजस्व/EOI/2026/6072 दिनांक :- 23.11.2026

:: **अभिरूची की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)** ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार से जारी आदेशों एवं प्रदत दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जालोर जिले में श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत अन्नपूर्णा रसोईयों की सचालित की जा रही है, जालोर जिले में पूर्व में संचालित समस्त रसोईयों के अनुबंध समाप्त होने की स्थिति में पुनः रसोईयों के संचालन किया जाना है। उक्त योजना के संचालन के मूल उद्देश्य न्यूनतम लागत राशि पर जरूरतमंद आमजन को सेवाभाव के आधार पर भोजन उपलब्ध कराना है।

अतः उक्त कम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विशयक व्यावसायिक हित के स्थान पर सेवाभाग के आधार पर जालोर जिले में चयनित स्थलों पर निम्नांकित कुल 14 श्री अन्नपूर्णा रसोईयों के संचालन हेतु कार्य करने लिए इन्छुक संस्थान/ दानदाता/ एन.जी.ओ.आदि, यानि कार्यरत प्रतिश्ठित गैर शासकीय/धार्मिक/स्वयंसेवी कल्याणकारी संस्था/सहकारी संघ/फर्म/कॉर्पोरेट/स्थानीय स्वयं सहायता समूह/क्षेत्र स्तरीय संघ/नगर स्तरीय संघ इत्यादि (आवेदक) से रसोई संचालक संस्थान के रूप में सूचीबद्ध एवं चयन करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन-पत्र मय प्रस्ताव बंद लिफाफे में इस कार्यालय के द्वारा दिनांक 23.11.2026 को प्रातः 11.00बजे से दिनांक 07.12.2026 को सांय 5.00 बजे तक इस अभिरूची की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) के माध्यम आमंत्रित किये जाते है।

क सं.	प्रस्तावित स्थान का नाम	रसोई की संख्या	नवीन श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालन हेतु प्रस्तावित चयनित स्थान (स्थान व भवन) का विवरण
1	नगर परिषद, जालोर	07	1.रेल्वे स्टेशन के पास न0प0 का पुराना चुंगी नाका, जालोर 2.राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने न0प0 का पुराना चुंगी नाका जालोर 3.रीको पार्क के पास, औद्योगिक तृतीय चरण, जालोर 4.जिला उद्योग केन्द्र के पीछे औद्योगिक द्वितीय चरण, जालोर 5.जिला अस्पताल ट्रोमा सेन्टर, जालोर 6.नगर परिषद, के पास अस्पताल रोड, जालोर 7.प्राईवेट बस स्टेण्ड के अंदर जालोर
2	नगर पालिका भीनमाल	04	1.राजकीय अस्पताल, पुरानी जुजांणी बस स्टेण्ड, भीनमाल 2.करडा चार रास्ता, रानीवाडा रोड भीनमाल। 3. बस स्टेण्ड के अन्दर भीनमाल 4. कृषि मण्डी रामसीन रोड भीनमाल
3	नगर पालिका सांचौर	03	1.न्यू बस स्टेण्ड, सांचौर 2.सब्जी मण्डी, सांचौर 3.राजकीय अस्पताल के सामने सांचौर

इसमें प्रत्येक श्री अन्नपूर्णा रसोई हेतु इच्छुक आवेदक संस्थान को इस कार्यालय में अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसमें इच्छुक आवेदक संस्थान को अपने प्रत्येक आवेदन के साथ में प्रतिभूति राशि 10,000/-रू0 कमशः हिन्दी भाषा में "आयुक्त, नगर परिषद् जालोर" अथवा अंग्रेजी भाषा में "Commissioner Municipal Council Jalore" के नाम से जारीसुदा वैद्ध डी0डी0/बैंकर्स चैक के माध्यम से इस कार्यालय मे उक्त निर्धारित तिथि तक जमा कराना अनिवार्य होगा या इच्छुक आवेदक संस्थान को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अपने आवेदन की उक्त प्रतिभूति प्रतिरसोई 10,000/-रू0 राशि की डी0डी परिषद् कोष में निर्धारित तिथि तक जमा करवाना अनिर्वाय होगा, अन्यथा इसके अभाव में संबंधित रसोई के लिए संबंधित आवेदक संस्थान का आवेदन स्वीकार योग्य नही होगा।

उक्त प्रस्तावित श्री अन्नपूर्णा रसोईयों के संचालन हेतु एक से अधिक आवेदन-पत्र मय प्रमाण-पत्र मय प्रस्ताव प्राप्त होने की स्थिति में एक प्रतिष्ठित/स्थानीय संस्थान को प्राथमिकता से चयन करने के लिए स्वायत्त शासन विभाग,राजस्थान सरकार के द्वारा गठित जिला स्तरीय समन्वय एवं मोनिटरिंग समिति, जालोर का ही निर्णय अन्तिम होगा, जिसमें उक्त गठित समिति के द्वारा पारदर्शिता उक्त निर्धारित अवधि मे प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर उसकी सक्षमता, कार्यनुभव, सेवाभाव एवं कार्यकलापों के आधार पर वरीयता देते हुए चयन किया जावेगा।

इस अभिरूची की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) के माध्यम से यदि कोई आवेदक संस्थान/दानदाता/एन.जी.ओ. आदि अपने स्वयं के खर्चे पर श्री अन्नपूर्णा रसोई का संचालन करने का आवेदन मय प्रस्ताव प्रस्तुत करते है तो उसे उक्त गठित समिति के द्वारा उस आवेदक संस्थान/दानदाता/एन.जी.ओ. आदि के चयन पर समुचित निर्णय मय सक्षम स्वीकृति उपरांत उस श्री अन्नपूर्णा रसोई के संचालन हेतु निःशुल्क भवन, बिजली, पानी उपलब्ध करवाया जावेगा।

उक्त विषयक अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में एवं समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

श्री अन्नपूर्णा रसोई योजनान्तर्गत यह अभिरूची की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) के माध्यम अद्योहस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर मय इस कार्यालय की मोहर से दिनांक 23.11.2026 को जनहित में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रसारित की जाती है।

आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/13698 नगरपरिषद, जालोर

Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner
Email ID-eepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 4630-4655 Date:23/11/26

Notice Inviting Bid : 37-39/2026-27

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 04.12.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 70.97 Lacs.
UBN No. PHE2627WSRC07189, PHE2627WSRC07190, PHE2627WSRC07191

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

(Bharat Tanwar)
Executive Engineer PHED, Distt (R) Div I Bikaner

DIPR/C/18653/2026

Municipal Council Dholpur
S.No. – 9977-80 Date –26.11.2026

Corrigendum

Name of work :- 1. DE-SILTING OF MAIN LINE TRUNK LINE (DIA. 250 MM TO 1000 MM) LAID UNDER RUIDP- II PHASE
Nit no. – E-36
UBN NO. – DLB2627WSOB24288
Tender Id - 2026_DLB_605800_1

Event	Earlier	Revision
Online summission date and time	26.11.2026 upto 6 PM	07.12.2026 upto 6 PM
Physically submitted original stamp and proof of payment	27.11.2026 upto 2 PM	08.12.2026 upto 2 PM
Technical Bid open date and time	27.11.2026 at 3 PM	08.12.2026 at 3 PM

Raj.Samwad/C/26/13703

Commissioner
Municipal Council Dholpur

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

ई-बोली आमंत्रण सूचना

इच्छुक बोली दाताओं से ऑनलाइन ई- बोलिया आमंत्रित की जाती है:

1. दो वर्ष की अवधि हेतु 145 के. वी. SF-6 सर्किट ब्रेकरों के 292 नग की अनुबंध के आधार पर खरीद (BN-9016002607, यू.बी.न. - VPN2627GLRC01609)
2. दो वर्ष की अवधि हेतु 198 के. वी.-10 KA के 212 नग, वं 120 के.वी.-10 KA के 935 नग लाइटनिंग अरेस्टरों की अनुबंध के आधार पर खरीद (BN 9016002608, यू.बी.न. VPN2627GLRC01610)
3. दो वर्ष की अवधि हेतु 110 वोल्ट-200AH के 106 सेट, 220 वोल्ट-200AH के 6 सेट, वं 220 वोल्ट-400AH के 64 सेट स्टेशनरी लेड, सिड (ट्यूबलर प्रकार) बैटरी सेट्स, सैन कंटेनर सहित, की अनुबंध के आधार पर खरीद (BN -9016002609, यू.बी.न. VPN2627GLRC01611)
4. 33 के.वी. इनकमर C&R पैनल (टाइप-A1) के 242 नग, 2x33 के. वी. फीडर C&R पैनल (टाइप-B) के 222 नग तथा 1x33 के.वी. फीडर C&R पैनल (टाइप-B1) के 266 नग, अनिवार्य स्पेयर्स सहित, की अनुबंध के आधार पर खरीद (BN-9016002610, यू.बी.न. -VPN2627GLRC01612)

विस्तृत एनआईबी और बोली दस्तावेज / विनिर्देश वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखने एवं डाउनलोड करने हेतु उपलब्ध हैं। एनआईबी का विवरण वेबसाइट energy.rajasthan.gov.in/rrvpn पर उपलब्ध है।

बोली खोलने की तिथि में संशोधन की सूचना http://eproc.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/rrvpn एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर ही प्रकाशित की जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता (क्रय-II)
राज.संवाद/सी/26/13658 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7846/2026

फैक्टरी में 17 वर्ष से सेवाएं दे रहे सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी के दौरान मौत

भीलवाड़ा के रायला स्थित संगम इंडिया लिमिटेड (यूनिट-2, सरेरी) का मामला

भीलवाड़ा, (निसं)। रायला स्थित संगम इंडिया लिमिटेड (यूनिट-2, सरेरी) में 17 वर्ष से सेवाएं दे रहे सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर फैक्टरी के मुख्य गेट पर शव रखकर करीब दस घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। देर रात पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मध्यस्थता में हुई वार्ता के बाद प्रबंधन द्वारा 21 लाख रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त हुआ।

- **परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया**



जनप्रतिनिधियों और पुलिस की मौजूदगी में फैक्टरी प्रबंधन व परिजनों के बीच वार्ता हुई।

जानकारी के अनुसार ईरास निवासी पुखराज जाट (50) फैक्टरी परिसर में कॉलोनी इंचार्ज के रूप में गार्डन की देखरेख और सुरक्षा का कार्य संभाल रहे थे। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। सहकर्मियों द्वारा उन्हें तुरंत रायला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक पुखराज जाट अपने पीछे पांच बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं और वे ही घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।

परिजनों और ग्रामीणों ने फैक्टरी प्रबंधन से 50 लाख रुपए की सहायता राशि और बच्चों के भरण-पोषण का समुचित प्रबंध करने की मांग रखी। मांगों पर तुरंत निर्णय न होने पर आक्रोशित परिजनों ने एम्बुलेंस में शव रखकर फैक्टरी के मुख्य द्वार को घेर लिया। दिनभर से जारी गतिरोध रात 12 बजे तक बना रहा। सूचना पर गुलाबपुरा सीआई संजय गुर्जर पुलिस जाप्ते के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। जनप्रतिनिधियों धनराज गुर्जर, शक्ति सिंह कालियास, रतनलाल जाट और महेंद्र जाट की मौजूदगी में फैक्टरी प्रबंधन व परिजनों के बीच वार्ता हुई। आखिरकार 50 लाख की जगह 21 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा मृतक के एक बच्चे को फैक्टरी स्टाफ में स्थायी नौकरी देने पर सहमति बनी। लिखित समझौते के बाद परिजनों ने धरना समाप्त किया, जिसके बाद पुलिस ने शव को रायला मोर्चरी में रखवाया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।